हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026

11 डीसी ने विभिन्न कार्यालयों व संस्थानों का किया निरीक्षण

12 सड़क चौड़ीकरण में गड़बड़ी का आरोप, लोगों ने जताया विरोध


*उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं चलने से तापमान में आएगी गिरावट*

# गर्म पछवा हवाएं चलने से मार्च में ही सता रही लू, 14 और 18 मार्च को दो पश्चिमी विक्षोभ होंगे एक्टिव, बादलवाही और बूंदाबांदी के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मार्च के महीने में ही मौसम के दो रूप देखने को मिल रहे हैं। दोपहर की चिलचिलाती धूप ने जहां लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए हैं वहीं बुधवार और वीरवार को यहां अलसुबह मौसम में हल्की ठंडक रही। इस बार अभी से तेज धूप के चलते समय से पहले ही लू जैसे हालात बन रहे हैं। पेड़ों के पत्ते सूखकर गिर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि 14 व 18 मार्च को दो नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना से प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद तापमान में 2 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है जिससे लोगों को गर्मी से अस्थाई राहत मिलेगी।

## गुजरात, हरियाणा, पंजाब सहित कई स्थानों के कुछ हिस्सों में हीटवेव सामान्य से ज्यादा दिन चलेगी

### फरवरी के दूसरे पखवाड़े से तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ना शुरू किया

बता दें कि मार्च के शुरूआती दिनों में ही गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मार्च से मई 2026 के बीच भारत के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। इस दौरान हीट वेव भी ज्यादा चलेगी। ऐसे में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब सहित कई स्थानों के कुछ हिस्सों में हीटवेव सामान्य से ज्यादा दिन चलेगी। वीरवार को फतेहाबाद में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकम तापमान सामान्य से 8 डिग्री ओर न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार आमतौर पर फरवरी और मार्च के महीने में उत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी होती है। वहां से आने वाली बर्फीली हवाएं मैदानी इलाकों, विशेषकर हरियाणा और दिल्ली एनसीआर में ठंडक बनाए रखती हैं, लेकिन साल 2026 का परिदृश्य बिल्कुल अलग है। फरवरी के दूसरे पखवाड़े से ही तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि गुजरात, पश्चिमी राजस्थान और अरब सागर पर एक प्रति-चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है।


फतेहाबाद। धूप में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो: हरिभूमि

### पहाड़ों में दिखेगा डब्ल्यूडी का असर

मौसम विभाग के अनुसार मार्च का पहला पखवाड़ा 18 मार्च तक मुख्य रूप से शुष्क ही रहेगा। हालांकि 14 मार्च को हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा लेकिन इनका प्रभाव केवल पहाड़ों तक सीमित रहेगा। मैदानी इलाकों में केवल बादलों की आवाजाही और इक्का-दुक्का स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है।

### क्यों बढ़ रही गर्मी और अब कैसे आएगी गिरावट

गुजरात, राजस्थान और अरब सागर पर एक एंटी-साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ था। इसके कारण लगातार गर्म पश्चिमी हवाएं चल रही थीं, जिससे तापमान सामान्य से सेक काफी ऊपर चला गया। अब यह सिस्टम अरब सागर के पश्चिमी हिस्सों की ओर खिसक जाएगा। इसके हटते ही उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं चलेंगी, जिससे बढ़े हुए तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। अप्रैल के पहले सप्ताह में तापमान सामान्य रहेगा।
-डॉ. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ

### 18 मार्च तक परिवर्तनशील रहने की संभावना

प्रदेश में मौसम आमतौर पर 18 मार्च तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान दो पश्चिमीविक्षोभ आ सकते हैं। पहला पश्चिमीविक्षोभ जिसके आंशिक प्रभाव से 15 व 16 मार्च को राज्य में आंशिक बादल तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने तथा कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद 17 व 18 मार्च को मौसम आमतौर पर खुश्क रहेगा। दूसरा पश्चिमीविक्षोभ 18 मार्च रात्रि को आने की संभावना है जिसके आंशिक प्रभाव से 19 मार्च से राज्य के मौसम में फिर से बदलाव होगा। इस दौरान बीच बीच में हवाओं में बदलाव आने से दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### टोहाना की ब्रांच नहर में मिला युवक का शव

**टोहाना।** बलियावाला हेड के पास ब्रांच नहर से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। पहचान न होने के कारण शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। पुलिस द्वारा पहचान के प्रयास किए जा रहे है और आसपास के एरिया में लोगों से पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, राहगीरों ने नहर में शव देखकर डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद सहारा रेस्क्यू टीम टोहाना के नवजोत सिंह ढिल्लों को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही नवजोत सिंह ढिल्लों अपनी टीम के सदस्यों विक्रम, मोनू और पराग के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

### ट्रेक्टरों का भौतिक सत्यापन 16 मार्च को

**फतेहाबाद।** वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान पर दिए जाने वाले ट्रेक्टरों के भौतिक सत्यापन की अनुसूची जारी की गई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान पर दिए जाने वाले ट्रेक्टरों का भौतिक सत्यापन 16 मार्च को फतेहाबाद के सेक्टर 10 स्थित सिटी पुलिस स्टेशन के पास सुबह 10 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक निदेशालय द्वारा निर्धारित किया गया है।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक 14 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 14 मार्च शनिवार सायं 4 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी। उन्होंने अनुरोध किया है कि जिन सदस्यों को किसी प्रकार की समस्या है वे लिख कर लाए ताकि उनका समाधान संबंधित विभागों से करवाया जा सके।

## व्यावसायिक गैस सप्लाई प्रभावित होने के बाद बढ़ी उपभोक्ताओं की भीड़

# गैस को लेकर लोगों में हाहाकार, भूना में दो दिन में पांच गुना बढ़ी घरेलू सिलेंडर की बुकिंग


भूना। इंडेन गैस एजेंसी के गेट के बाहर सिलेंडर पर्ची लेने वालों की लगी हुई भीड़।

**एजेंसी ने कहा-सप्लाई नियमित, बिना बुकिंग सिलेंडर नहीं मिलेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

ईरान-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध के बीच पेट्रोल-डीजल के साथ रसोई गैस की कमी को लेकर भी लोगों में घबराहट का माहौल है। इसी के चलते भूना में घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग अचानक बढ़ गई है। भूना इंडेन गैस एजेंसी के अनुसार पिछले दो दिनों में सामान्य दिनों की तुलना में करीब 5 गुना अधिक बुकिंग दर्ज की गई है। बड़ी संख्या में उपभोक्ता संभावित किल्लत की आशंका के चलते पहले से ही सिलेंडर बुक करा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की सप्लाई रुकने की चर्चाओं के बाद लोगों में गैस को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसका असर घरेलू सिलेंडर की बुकिंग पर भी साफ दिखाई दे रहा है। एजेंसी पर लगातार फोन और ऑनलाइन बुकिंग की संख्या बढ़ रही है। भूना इंडेन गैस एजेंसी की संचालिका संतोष देवी ने बताया कि फिलहाल घरेलू गैस की सप्लाई पूरी तरह नियमित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब गैस सिलेंडर लेने के लिए बुकिंग अनिवार्य कर दी गई है। जिस उपभोक्ता ने पहले से बुकिंग नहीं करवाई होगी, उसे सिलेंडर नहीं दिया जाएगा।


फतेहाबाद। एडीसी से मिलने जाते होटल संचालक।

### विभिन्न होटलों में गैस की सप्लाई हो रही प्रभावित

**फतेहाबाद।** सरकार की ओर से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रोकने के बाद शहर के विभिन्न होटलों में गैस की सप्लाई प्रभावित हो रही है। गैस सप्लाई न मिलने से संचालकों के सामने अपने होटलों को बंद करने की नौबत आ गई है। गैस समस्या को लेकर वीरवार को शहर के विभिन्न होटल संचालक एडीसी से मिलने के लिए पहुंचे। इस दौरान होटल संचालकों ने प्रशासन से मांग की है कि जिला प्रशासन की ओर से कुछ स्टॉक उन होटल संचालकों को दिया जाए, ताकि उनके होटल में होने वाले कार्यक्रमों में कोई बाधा न पहुंचे, वहीं सरकार की ओर से आगामी जो आदेश होंगे उसकी पालना भी जरूर की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि होटल होटल में जो कर्मचारी काम करते हैं, उनके खाना बनाने के लिए भी गैस सिलेंडर की सप्लाई मिल पाना मुश्किल हो रही है, इसलिए उन कर्मचारियों की रोजी-रोटी को ध्यान में रखते हुए उन्हें कुछ गैस सिलेंडर दिए जाए। बता दें कि व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति बंद होने से होटल, रेस्टोरेंट और वेंडर संचालकों के लिए परेशानी बढ़ गई है। कई रेस्टोरेंट व होटल संचालकों ने लकड़ी तो कुछ ने डीजल भी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।


सिरसा। गैस एजेंसी पर जांच करते खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी।

### खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने जांची एजेंसियां

**सिरसा।** ईरान-इजराइल के मध्य चल रहे युद्ध के कारण घरेलू गैस की संभावित कालाबाजारी रोकने और एलपीजी की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने वीरवार को विभिन्न गैस एजेंसियो का औचक निरीक्षण किया। सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राहुल कुमार की टीम ने भूपेंद्रा गैस सर्विस सिरसा के गोदाम के स्टॉक की जांच की और 14 किलो तथा 19 किलो वजन वाले सहित सभी गैस सिलेंडरो की गणना की गई। निरीक्षण टीम में सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राहुल कुमार, निरीक्षक भूपेश गोयल, निरीक्षक प्रजा सिंह, निरीक्षक अनंद शर्मा ने मौके पर रिफिल लेने आए उपभोक्ताओ से बातचीत की और उन्हें अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडरों की सप्लाई समय पर नहीं हो रही है, जिस कारण उन्हें एजेंसियों पर आना पड़ रहा है।हुडा निवासी जतिन गोयल की ओर से पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को भारत गैस के स्थानीय वितरक भूपेंद्रा गैस एजेंसी की शिकायत की गई है। शिकायत में बताया कि उनकी ओर से 27 फरवरी को गैस बुक की गई और ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया गया। लेकिन आज तक उन्हें रिफिल मुहैया नहीं करवाया गया है। रिफिल के लिए आग्रह करने पर एजेंसी के स्टाफ ने बुरा भला कहा।




### मुख्य द्वार पर नोटिस लगाकर की घोषणा

# भ्रष्टाचार से घिरा पंजाबी सभा अस्पताल हुआ बंद

■ नागरिकों ने अस्पताल को फिर शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भट्टू रोड स्थित श्री भगवान दास मेमोरियल पंजाबी सभा चैरिटेबल अस्पताल लंबे समय से आपसी विवादों और भ्रष्टाचार के चलते सुर्खियों में बना हुआ था। आखिरकार इन विवादों का असर अस्पताल की सेवाओं पर पड़ा और इसे बंद करना पड़ा। अस्पताल के प्रशासक सुंदर लाल चावला ने मुख्य द्वार पर नोटिस लगाकर इसकी सेवाएं बंद करने की घोषणा कर दी। नोटिस में स्पष्ट लिखा गया है कि अब इस अस्पताल में किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी और मरीजों को इलाज के लिए अन्य अस्पतालों का रुख करना होगा। इस सूचना के बाद शहर में व्यापक चर्चा का माहौल है, क्योंकि यह अस्पताल वर्षों से गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को कम खर्च में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराता रहा है।

*अस्पताल की स्थिति को सुधारने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुंदर लाल चावला को प्रशासक नियुक्त किया गया था, ताकि अस्पताल का संचालन सुचारू रूप से हो सके। हालांकि प्रशासक नियुक्त होने के बाद भी हालात में कोई विशेष सुधार नहीं हो पाया और अस्पताल लगातार घाटे में चलता रहा। हर के लोगों का कहना है कि यह अस्पताल फतेहाबाद की एक महत्वपूर्ण सामाजिक धरोहर था। वर्षों से यहां गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सुविधा मिलती थी। इसके बंद होने से लोगों को निजी अस्पतालों की महंगी सेवाओं पर निर्भर होना पड़ेगा। शहर के कई सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले में गंभीर पहल करने और अस्पताल को फिर से शुरू कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी सामाजिक संस्थाएं आपसी विवादों के कारण बंद होने से बच सकें।*

अस्पताल में कार्यरत दो डॉक्टरों ने पिछले महीने ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। बताया जाता है कि यह अस्पताल शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहद कम दरों पर इलाज की सुविधा प्रदान करता था।

# नप ने पास किया 47 करोड़ का बजट

■ नगर परिषद कार्यालय में बजट और सामान्य बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

नगर परिषद कार्यालय में बजट और सामान्य बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन नरेश बंसल ने की। बैठक में नगर परिषद के ईओ दीपक कुमार, एसओ कुलदीप, अकाउंटेंट परवीन और तीनों जेई उपस्थित रहे लेकिन कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक नहीं पहुंचे जिसके चलते पार्षदों में नाराजगी दिखी लेकिन अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। बैठक में 47 करोड चार लाख की आय और 47 करोड तीन लाख की खर्च की बात कही गई जिसे पास कर दिया गया। इस दौरान पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा पिछली बजट में जो एजेंडे पास किये थे उन पर कोई कार्य नहीं किया जबकि नए एजेंडे रखे जाते है। नगर परिषद की उप प्रधान नीरू सैनी ने उनके वार्ड की सड़क के निर्माण के बाद बजरी उखड़ने व लोगों के परेशान होने का मुद्दा उठाया।


टोहाना। नगरपरिषद की बैठक में भाग लेते पार्षद। फोटो: हरिभूमि

### मोहम्मद अली हत्याकांड मामले में तीसरा आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने जून 2023 के चर्चित मोहम्मद अली उर्फ काला हत्याकांड मामले में कार्रवाई करते हुए तीसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनूप सिंह पुत्र जगबीर सिंह निवासी गांव मनाना, समालखा, जिला पानीपत के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने 30 जून 2023 को दर्शना निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। शिकायत में कहा गया था कि उनका बेटा मोहम्मद अली उर्फ काला, जो पेशे से ड्राइवर था, लापता है। इस शिकायत पर थाना शहर टोहाना में मामला दर्ज किया गया था।

# 21 जुआरी दबोचे, लाखों की राशि बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने सिरसा शहर क्षेत्र में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारकर 21 लोगों को गिरफ्तार नौ लाख 53 हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि चंडीगढिया मोहल्ला क्षेत्र में बड़े स्तर पर जुआ खेला जा रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर 21 लोगों को दबोच लिया और मौके से नौ लाख 53 हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की है।

### अफीम सहित आरोपी दबोचा

पुलिस ने सिरसा जिले के गांव भावदीन क्षेत्र से बाइक सवार युवक को अफीम सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान विरेंद्रजीत के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भावदीन क्षेत्र मे मौजूद थी। इसी दौरान सामने से बाइक सवार एक युवक आता दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी ली तो उसके कब्जे से 388 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना डिंग में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर किया गया है।

### चोरीशुदा अनाज सहित आरोपी काबू


पुलिस ने जिले के गांव जंडवाला बिश्नोइयां में घर में घुसकर 20 गट्टे गेहूं व 6 गट्टे ग्वार चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान राजकमल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गांव जंडवाला बिश्नोइयां निवासी ललित कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि अज्ञात लोग उसके घर से 20 गट्टे गेहूं व 6 गट्टे गवार चोरी कर ले गए हैं।

## 5 माह से अटकी निर्माणाधीन ढाणी सांचला-भोजराज सड़क

**मंजूरी मिलने के बाद जल्द होगी पेड़ों की कटाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

शहर से ढाणी सांचला-भोजराज गांव को जोडऩे वाली निर्माणाधीन सड़क का काम बीचों-बीच खड़े पेड़ों के कारण पिछले करीब पांच महीनों से रुका हुआ है। सडक़ निर्माण कार्य बंद होने से ग्रामीणों को रोजाना आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ रही है, जबकि बड़े वाहनों के लिए यह मार्ग विशेष रूप से मुश्किलों का कारण बना हुआ है। इस संबंध में जिला परिषद के कनिष्ठ अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि सड़क को



चौड़ा करते हुए इसका नवनिर्माण किया जा रहा है। सड़क के बीच में कुछ पेड़ आ रहे हैं, जिसके कारण निर्माण कार्य बाधित हुआ है। उन्होंने बताया कि वन विभाग स्तर पर इस प्रक्रिया को पूरा होने में समय लगा, इसलिए निर्माण कार्य रुका रहा। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द ही पेड़ों की कटाई का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# जाखल में नई बस्ती रेलवे रोड का होगा निर्माण, 1.5 करोड़ से ज्यादा राशि होगी खर्च, विभाग ने टेंडर किया जारी

■ बहुप्रतीक्षित मांग अब जल्द होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭जाखल

जाखल स्थित नई बस्ती रेलवे रोड के निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग अब जल्द पूरी होने जा रही है। लोक निर्माण विभाग ने इस सडक़ के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। विभाग का दावा है कि इसी माह में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। एक किलोमीटर लंबी इस सीमेंट कंक्रीट सडक़ के निर्माण पर करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च होगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवाजाही में बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि यह सड़क पिछले लंबे समय से बदहाल स्थिति में थी। बारिश के दौरान यहां सडक़ पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती थी। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पीडब्ल्यूडी ने डामर की जगह सीसी रोड बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा था, जिसे मंजूर कर धनराशि जारी कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विजय शर्मा ने बताया कि नई बस्ती रेलवे रोड का निर्माण सीमेंट कंक्रीट से किया जाएगा। इस सड़क की चौड़ाई 18 फुट होगी तथा सड़क के दोनों तरफ तीन-तीन फुट के रैंप बनाए जाएंगे, ताकि वाहनों और पैदल चलने वालों को कोई असुविधा न हो।


जाखल। बदहाल रेलवे रोड।

### अमायरा ने गली के निर्माण का किया शुभारंभ

**सिरसा।** वार्ड 18 में विकास कार्यों को गति देते हुए डीएन अग्रवाल वाली गली में रात्रि में निर्माण कार्य शुरू हुआ। पार्षद राजेंद्र सरदाना के नेतृत्व में छोटी बच्ची अमायरा अरोड़ा ने नारियल फोडक़र इसका विधिवत शुभारंभ किया। राजेंद्र सरदाना ने कहा कि वार्ड में लोगों को बेहतर सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकता है और आगे भी लगातार विकास कार्य करवाए जाते रहेंगे। गली निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए पार्षद राजेंद्र सरदाना ने नगरपरिषद चेयरमैन का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके सहयोग से वार्ड में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो वादा जनता से किया है, उसे पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है और आने वाले समय में भी वार्ड में कई और विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस मौके पर विशाल गुप्ता, डीएन अग्रवाल, अनुज मेहता, अतुल गोयल, मानिक अरोड़ा इत्यादि मौजूद थे।



रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर

## रूफस हॉर्नेरो मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस



कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *

## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल

**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से



ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *

## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *





## प्रेयरी डॉग्स जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के



एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों



उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *

**किताब:** होलू का दिमाग चलता है, **लेखक:** दिविक रमेश
**मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'





एआई इमेज

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *



कहानी
क्षमा शर्मा

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां

आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगे। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब



इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *

## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



**बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन , 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





काशवी, रायपुर



वेदिका, कोरबा



प्रगति, बिलासपुर



कुंजल, रायपुर



रिधान, अंबिकापुर



प्रभु, कोरबा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### बैठक में शिकायतों का किया निपटान

**डबवाली।** महिला थाना डबवाली में कष्ट निवारण कमेटी की बैठक हुई जिसमें घरेलू कलह व लड़ाई झगड़े की शिकायतों का समाधान किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस की ओर से थाना में आ रही शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस कष्ट निवारण कमेटी का गठन किया गया है जिसमें मौजूदा पुलिस कर्मचारियों सहित पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी व कर्मचारियों को शामिल किया गया है और इसमें एक महिला सदस्य सुमन बिश्नोई निदेशक बाबा फरीद कंप्यूटर अकादमी मंडी डबवाली को भी शामिल किया गया है।

### दलहनी फसलों की बिजाई पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**सिरसा।** किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने और मिट्टी की सेहत सुधारने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने एक महत्वपूर्ण योजना शुरू की है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत धान की रोपाई से पहले खेत में हरी खाद (ढैंचा) या दलहनी फसलों की बिजाई करने वाले किसानों को प्रदेश सरकार की ओर से 1000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण प्रक्रिया मार्च के पहले सप्ताह से शुरू हो चुकी है और किसान 15 अप्रैल तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### नपा रतिया में एरिया बैठकों को लेकर शेड्यूल जारी

**रतिया।** नगरपालिका रतिया ने एरिया बैठकों के आयोजन के लिए शेड्यूल जारी किया है। इन बैठकों का उद्देश्य वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन तथा डीडीएएलवाई योजना के लाभार्थियों का सत्यापन करना है। नगरपालिका रतिया के सचिव ने बताया कि 14 मार्च शनिवार और 15 मार्च रविवार को एरिया सभा बैठकों का आयोजन किया जाएगा। 14 मार्च को सुबह 10 बजे वार्ड 1 से 4, दोपहर 2 बजे वार्ड 5 से, 15 मार्च सुबह 10 बजे वार्ड 10 से 14 तथा दोपहर 2 बजे वार्ड 15 से 17 तक इन बैठकों का आयोजन होगा। इन बैठकों के लिए ओंकार सिंह, सफाई निरीक्षक की वार्ड 1, 5, 9 तथा 13 में, राजेश क्लर्क की वार्ड 2, 6, 10, 14 में, वीरेन्द्र, क्लर्क की /वार्ड 3, 7, 11, 15, राहुल, क्लर्क की वार्ड 4, 8, 12, 16 तथा लक्की कुमार, डीईओ की वार्ड 17 में ड्यूटी लगाई गई है।

### तीन दिवसीय ऋग्वेद पारायण यज्ञ आज से

**फतेहाबाद।** सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में आर्य समाज की स्थापना के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल, 13 मार्च से तीन दिवसीय 'ऋग्वेद पारायण यज्ञ' का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। यह आध्यात्मिक महोत्सव रविवार, 15 मार्च तक चलेगा। यह जानकारी देते हुए आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर ने बताया कि इस विशेष आयोजन के लिए हिमाचल प्रदेश के चम्बा से प्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य सुरेश शास्त्री मुख्य रूप से पधार रहे हैं। वे इस यज्ञ के 'ब्रह्मा' के रूप में आहुतियां संपन्न करवाएंगे और उपस्थित श्रद्धालुओं को वेदों के ज्ञान से अवगत कराएंगे।

### 17वां वार्षिक संत समागम व विशाल भंडारा 22 को

**फतेहाबाद।** मिनी बाईपास रोड स्थित श्री आनन्दपुर सत्संग भवन कुटिया में 22 मार्च को 17वां वार्षिक संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा। मिनी बाईपास रोड, अरोमा होटल के सामने वाली गली, सैक्टर-11 में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्री आनन्दपुर दरबार से जुड़े संत-महात्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को लेकर सत्संग भवन के सेवादारों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत 15 मार्च से होगी।

### विभागीय कार्यालय, पीएचसी और बोर्ड परीक्षा केंद्र का लिया जायजा

# डीसी ने रतिया और नागपुर में विभिन्न कार्यालयों व संस्थानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/रतिया

डीसी डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को रतिया व नागपुर में विभिन्न सरकारी कार्यालयों और संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रतिया के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, रतिया लघु सचिवालय परिसर में स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों, नागपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय तथा गांव रत्ताखेड़ा स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि आमजन को सरकारी सेवाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हों।



रतिया। कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डॉ. विवेक भारती।

#### बीडीपीओ कार्यालय व पीएचसी भी पहुंचे डीसी

डीसी ने नागपुर स्थित बीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण करते हुए जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांवों में चल रहे सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए और विभाग से संबंधित पेंडिंग फाइलों का शीघ्र निपटारा किया जाए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने नागपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने नागपुर के पशु चिकित्सालय का भी दौरा किया और वहां उपलब्ध पशु चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया।

#### व्यवस्थाओं की जांच की

डीसी डॉ. विवेक भारती ने रतिया व नागपुर के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में हाजिरी रजिस्टर की जांच की तथा विभिन्न शाखाओं का दौरा कर आमजन को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले नागरिकों के कार्य प्राथमिकता के आधार पर समय पर निपटाए जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

डीसी डॉ. विवेक भारती ने गांव रत्ताखेड़ा स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। डीसी ने विद्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया तथा शिक्षकों की उपस्थिति रिपोर्ट की भी जांच की। इस अवसर पर एसडीएम रतिया सुरेंद सिंह, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया

डीसी ने रतिया स्थित लघु सचिवालय परिसर में विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण तथा नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध करवाएं तथा लंबित कार्यों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें।




फतेहाबाद। शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते अतिथिगण।

## युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील

- राज्यपाल के जन्मदिवस पर रेडक्रॉस ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा के राज्यपाल एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा के अध्यक्ष प्रोफेसर असीम कुमार घोष के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित इस शिविर में 'खुशी नई उम्मीद' संस्था ने सक्रिय सहयोगी की भूमिका निभाई। यह शिविर जिला उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी डॉ. विवेक भारती और सचिव रवीन्द्र लोहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सहायक सचिव रवि हुड्डा ने किया। हरियाणा रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी एवं महासचिव सुनील कुमार के विशेष दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सहायक सचिव रवि हुड्डा ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। आपका दिया हुआ एक यूनिट रक्त किसी परिवार का चिराग बुझने से बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर समाज सेवा के इस महाकुंभ में अपना योगदान दें। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह, सुनील भाटिया और सुरेंद्र एमपी रोही विशेष तौर पर मौजूद रहे। अस्पताल की मेडिकल टीम में नर्सिंग ऑफिसर आशा वर्मा, काउंसलर कविता, लैब तकनीशियन कुलदीप कुमार, रेणुका, सुमन और तेजा राम सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने अपनी सेवाएं दीं।

## अजय चौटाला के जन्मदिवस को लेकर उत्साह फतेहाबाद से हजारों लोग पहुंचेंगे हांसी : जतिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जननायक जनता पार्टी के संयोजक डॉ. अजय सिंह चौटाला के 65वें जन्मदिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। 13 मार्च को हांसी में आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम को पार्टी द्वारा जन चेतना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर फतेहाबाद जिले में जेजेपी नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है और व्यापक स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में युवा जेजेपी के जिलाध्यक्ष जतिन खिलेरी के नेतृत्व में युवाओं की एक विशेष टीम गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दे रही है। अभियान के दौरान युवाओं ने डोर-टू-डोर जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया।



फतेहाबाद। समारोह को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते जेजेपी नेता जतिन खिलेरी।

### सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं: विमला सिंवर

**सिरसा।** जिले की प्रथम नमोः ड्रोन दीदी विमला सिंवर ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान के तहत 34 राज्यों से 163 लखपति दीदी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिसमें उन्होंने शिरकत की। विमला सिंवर ने बताया कि सर्वप्रथम देशभर के अलग-अलग राज्यों से आई लखपति दीदी को राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट सहित अनेक स्थलों का भ्रमण करवाया गया। सिंवर ने कार्यक्रम में पहुंची सभी महिलाओं से कहा कि अभी तो ये शुरूआत भर है। अभी तो हमें बड़ी उड़ान भरनी है। लखपति का लक्ष्य तो हमने पूरा कर लिया है, लेकिन अब हमारा लक्ष्य करोड़पति बनने का है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों से आई महिलाओं के साथ उन्होंने अपने विचार साझा किए।

## नई अनाज मंडी में 'पावन भक्ति सत्संग' 15 को, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सिरसा रोड स्थित नई अनाज मण्डी में 15 मार्च, रविवार को एक विशाल 'पावन भक्ति सत्संग' समारोह का आयोजन किया जा रहा है। डेरा बाबा भूमण शाह, संगर साधा से गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास जी के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस आध्यात्मिक कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सत्संग समारोह को लेकर आज सेवादारों की टीम ने फतेहाबाद अनाज मण्डी में जनसम्पर्क अभियान चलाया। सेवादारों ने मण्डी की प्रत्येक दुकान पर जाकर व्यापारियों और मजदूरों से भेंट की और उन्हें इस भक्ति सत्संग में सपरिवार शामिल होने का निमंत्रण दिया। हरभजन कम्बोज ने बताया कि 15 मार्च रविवार को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा।



फतेहाबाद। सत्संग को लेकर अनाज मण्डी में जनसम्पर्क अभियान चलाते सेवादार।

### चोरी के आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर काबू

**सिरसा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपियों को बठिंडा की मानसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि गांव बुर्जकर्मगढ़ निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बरनाला रोड स्थित ग्लोबल लाइब्रेरी के सामने बाइक खड़ा कर लाइब्रेरी के अंदर चला गया था। कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना में बाइक चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान थाना की एक पुलिस टीम ने बाइक चोरी की घटना में संलिप्त दो आरोपी गुरमीत सिंह व जसदीप सिंह निवासी टीबी हरि सिंह बठिंडा की मानसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है।

### पेयजल कनेक्शन को लेकर शिविर 17-18 को

**फतेहाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहर फतेहाबाद के लोगों के लिए एक विशेष पहल की गई है। विभाग द्वारा स्वामी नगर स्थित सरकारी स्कूल में 17 और 18 मार्च को दो दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। विभाग का प्रयास उपभोक्ताओं को नए पानी और सीवरेज कनेक्शन प्रदान करना तथा बिलिंग व मीटर से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। यह जानकारी देते हुए विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविन्द्र नैन, उपमंडल अभियंता सतपाल रोज व जिला सलाहाकार शर्माचंद लाली ने बातया कि स्वामी नगर स्कूल में यह कैम्प प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा इस समय रोड कट शुल्क में माफी दी गई है। इस योजना के तहत आवेदन करने वाले नागरिकों को 6 से 8 हजार तक की सीधी बचत होगी।

### महाविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा अंतर विश्वविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा से सम्बद्ध महाविद्यालयों के 6 प्रतियोगिताओं ने भाग लिया। मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज, बहबलपुर की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने इस शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नार्थ जोन द्वारा अंतर विश्वविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया। महाविद्यालय प्रबंधन व स्टाफ द्वारा छात्रा को बधाई दी गई व उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अवैध रूप से बेचा जा रहा था तेल, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** थर्मल पावर प्लांट गोरखपुर क्षेत्र में कैंटर में गुप्त टैंक और मशीन लगाकर अवैध रूप तेल बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश रेडू पुत्र बलराज सिंह निवासी बालक, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 25 फरवरी को एसआई रामपाल पुलिस टीम के साथ गश्त एवं अपराध जांच के दौरान नहर पुल, गोरखपुर क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक कैंटर में अवैध रूप से तैलीय पदार्थ भरकर उसे ऊंचे दामों पर बेचने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नाकाबंदी की गई और संदिग्ध कैंटर को रोककर उसकी जांच की गई। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अशोक कुमार निवासी गोरखपुर बताया। इस पर पुलिस द्वारा मौके पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निरीक्षक को बुलाया गया।

### भगवान से साक्षात्कार का उत्तम मार्ग भागवत कथा



**सिरसा।** जन्म-जन्मांतरो का भाग्य उदय होने पर ही श्री मद्भागवत कथा श्रवण करने का सुअवसर मिलता है तथा इसका प्रभाव कभी खाली नहीं जाता। इसीलिए श्रीमद भागवत पुराण को सब से श्रेष्ठ पुराण, पुराणों का तिलक तथा वेदों का सार कहा गया है। शिव शक्ति योग मिशन द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर हुडा में आयोजित भागवत कथा सप्ताह के प्रथम दिन कथा वाचक आचार्य आत्मानंद पुरी ने बताया कि भागवत कथा सुनने के साथ यदि इस का निरन्तर मनन-चिंतन करते हुए इसे जीवन में उतार कर आचरण में लागू किया जाए तो मनुष्य का कल्याण व मोक्ष अवश्य भावी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में गूगल से जानकारी तो मिल सकती है पर ज्ञान तो संतों से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण व मनन हमें भगवान से साक्षात्कार का अधिकारी बना देती है, क्योंकि इससे हमारा मन शुद्ध व पवित्र हो जाता है तथा जिसने मन व इच्छाओं पर नियंत्रण कर लिया, वही शांति का अनुभव कर सकता है तथा ज्ञान की आंखें खुलने पर यह जगत व इसकी माया मिथ्या लगने लगती है।

### साक्षी को बेस्ट एथलीट का खिताब मिला



**चोपटा।** चौधरी देवीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान नाथूसरी चोपटा में आयोजित 17वीं एथलेटिक मीट के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में सराहनीय प्रदर्शन करने पर खुशीराम ने लडक़ों की प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट का खिताब जीता। लड़कियों में साक्षी को बेस्ट असली के खिताब से नवाजा गया। यह जानकारी देते हुए खेल इंचार्ज दिलबाग झोरड़ ने बताया कि एथलेटिक मीट के दूसरे दिन लडक़ों की 5000 मीटर, 800 मीटर, 200 मीटर और 400 मी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें खुशीराम ने 5000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया 1500 मीटर दौड़ में भी प्रथम स्थान हासिल किया, 200 मीटर दौड़ और 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में खुशीराम को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया।

### शिविर में 41 नागरिकों ने किया रक्तदान



**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रेडक्रॉस भवन में हरियाणा के राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 41 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि शिविर में प्रोफेशनल प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और स्वैच्छिक रक्तदान में विशेष सहयोग दिया। शिविर में सामान्य अस्पताल के रक्त बैंक की रक्तसंचार अधिकारी डॉ. समता की टीम ने रक्त संग्रह किया। टीम में सीनियर लैब टेक्नीशियन ओम प्रकाश, लैब टेक्नीशियन अश्वनी मेहता, नर्सिंग ऑफिसर सरिता रानी तथा काउंसलर बसंत कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### सीएमके की छात्रा राज्य स्तरीय स्पर्धा में चयनित



**सिरसा।** सीएमके महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग के पांच विद्यार्थियों की टीम ने जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट एवं युवा कनेक्ट 2026 में भाग लिया जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा बंसल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उन्होंने प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने तार्किक, सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली तर्कों से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। इन विद्यार्थियों ने विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज गोयल के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्या अंशु उप्पल ने छात्रा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए विभाग के प्रयासों की सराहना की। डॉ. अनीता सिंह, डॉ. रचना कंबोज तथा डॉ. सरबन कंबोज ने भी विजेता छात्रा को बधाई दी है।

## कार्यकर्ताओं को सशक्त बना रही भाजपा: यतिंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अगले चरण के अंतर्गत मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ हो गया है। यतिंद्र सिंह ने बताया कि संगठनात्मक रूप से सिरसा जिले के सभी 12 मंडलों के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए इसी सप्ताह से प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी कार्यकर्ताओं तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के महत्व को भली-भांति समझती है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को अपनी सबसे बड़ी पूंजी मानती है और यही कारण है कि समय-समय पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा अपने कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त और संगठनात्मक रूप से सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयास करती रही है।

### शहीदों के 'नशामुक्त समाज' के सपने को साकार करने का लिया संकल्प

# नशे के खिलाफ यात्रा को लेकर जनसम्पर्क अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहीदी दिवस के पावन अवसर पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नशामुक्त समाज की स्थापना के संकल्प के साथ आयोजित होने वाले 'नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा' कार्यक्रम की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। 23 मार्च, सोमवार को होने वाले इस विशाल आयोजन को लेकर ट्रस्ट की टीमों ने पूरे जिले में जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। ट्रस्ट की टीमें गांव-गांव जाकर आमजन को इस मुहिम से जुडऩे और नशे की गर्त में जा रही युवा पीढ़ी को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान कर रही हैं। इसी कड़ी में आज ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में टीम ने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया। ट्रस्ट की टीम ने आज गांव खान मोहम्मद, ढाणी छतरियां, ढाणी ढाका, ढाणी ईसर, नूरकी अहली, कारियां, मुसेअहली, बनावाली, नकटा, खूनन, हांसपुर, भड़ोलांवाली, बहबलपुर, थेड़ी, सोत्तर भट्टू और नखाटिया में ग्रामीण सभाओं को संबोधित किया। इन सभाओं में ग्रामीणों का भारी समर्थन देखने को मिला।



फतेहाबाद। नशे के खिलाफ यात्रा को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते भवानी सिंह।

#### गांवों के युवाओं और महिलाओं में दिखा उत्साह

शहीदी दिवस पर हमारी यह यात्रा उन महान शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने एक स्वस्थ और सशक्त भारत का सपना देखा था। हमें मिलकर इस जहर को जड़ से मिटाना होगा। जनसम्पर्क के दौरान गांवों के युवाओं और महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। उपस्थित ग्रामीणों ने हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि वे न केवल महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की इस मुहिम का हिस्सा बनेंगे, बल्कि अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी जागरूक कर शहीदों के 'नशामुक्त समाज' के सपने को साकार करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ मोहन गढ़वाल सरपंच अकांवली, हरीश अकांवली, हेमराज सरपंच खान मोहम्मद, अजय पूर्व सरपंच खान मोहम्मद, विक्रम शेखावत, राजेश फूलभाटी ढाणी छतरीया, गुरदीप आयालकी सहित काफी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने घर में घुसकर हमला करने के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व नल की हत्थी भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गोबिंद सिंह निवासी शेखु जिला बठिंडा व सुखमंद्र सिंह निवासी रामसरा जिला बठिंडा के रूप में हुई है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि खुशदीप सिंह निवासी नौरंग की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

### चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना

**सिरसा।** शहर के हुडा सेक्टर 19 स्थित एक मकान से चोर कीमती सामान चुरा कर ले गए। गौरी शंकर ने बताया कि उसका मकान काफी समय से बंद था। उसमें उसका घरेलू सामान व कीमती सामान पड़ा था। वह दोपहर करीब 3 बजे अपने घर लौटा, तो उसके मकान की साइड की गैलरी के गेट खुले हुए थे। जब वह घर के अंदर गया, तो उसमें रखा सामान चोरी हो गया। घर में रखा आधा तोला सोना, 3 हजार की नकदी एवं करीब दो एलसीडी, पानी की मोटर, गैस सिलेंडर-चूल्हा व अन्य सामान चोरी हो गया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान विकास निवासी गांव दिवाना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि पीड़िता ने महिला थाना में दी अपनी शिकायत में बताया कि करीब एक साल पहले उसकी जान-पहचान आरोपी विकास के साथ हुई थी। आरोपी ने उसे पसंद करने और शादी करने का वादा किया। शादी का झांसा देकर आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए।

### सीएचसी से बाइक चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार

**भट्टूकलां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में भट्टूकलां पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है। आरोपियो की पहचान जगदीश उर्फ गोलू पुत्र पोकर सिंह निवासी शंकर मंदोरी, जिला सिरसा व राहुल उर्फ डेलू पुत्र दारा सिंह निवासी असरावां, जिला हिसार) के रूप में हुई है।

### मरणोपरांत करवाए नेत्रदान

**सिरसा।** ढाणी बाजेकां निवासी धन्नो बाई पत्नी गुरमुख सिंह के निधन पर उनकी इच्छा के अनुरूप उनके परिवारजनों ने लायंस नेत्र बैंक सिरसा की टीम को बुलाकर नेत्रदान सम्पन्न करवाए। डा. प्रवीन अरोड़ा ने बताया कि इस कार्य में उनके बेटे पत्रकार प्रभदयाल, मिलखराज, लालचंद और संतलाल, रामचंद तथा डॉ. वैद बैनीवाल का विशेष सहयोग रहा। लायंस क्लब सिरसा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना करता है कि इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## रात में ठेकेदार पर खानापूर्ति करने का आरोप

# सड़क चौड़ीकरण में गड़बड़ी पत्थरों की जगह डाल दी मिट्टी

- !शिकायत पर एसडीओ ने जांच कर पत्थर दोबारा डालने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना


भूना। सडक़ को चौड़ा करने के कार्य में कम पत्थर व अधिक डाली हुई मिट्टी। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद से उकलाना स्टेट हाईवे-2 पर सडक़ को दोनों ओर तीन-तीन फीट चौड़ा करने के कार्य में अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। लोगों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा सडक़ के किनारों को मजबूत करने के लिए पत्थर डालने की बजाय मिट्टी डालकर रोलर चलाकर खानापूर्ति की जा रही है। इससे जहां सडक़ की गुणवत्ता कमजोर होने का खतरा है, वहीं सरकार को भी आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उकलाना रोड निवासी पवन कुमार, सुभाष चंद्र, सचिन कुमार, अमित कुमार, सुरेश कुमार और कृष्ण कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाईवे-2 के सुंदरीकरण और चौड़ीकरण का कार्य करीब डेढ़ वर्ष पहले शुरू किया गया था। योजना के तहत फतेहाबाद शहर से लेकर मुगलपुरा गांव के पास हिसार सीमा तक सडक़ को दोनों दिशाओं में तीन-तीन फीट चौड़ा किया जाना था। हालांकि बजट की कमी के कारण उस समय सडक़ का निर्माण कार्य केवल फतेहाबाद से भूना तक ही हो पाया था। अब बागवानी नर्सरी से हिसार सीमा तक सडक़ चौड़ीकरण का कार्य दोबारा शुरू किया गया है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने रातों-रात सडक़ के दोनों किनारों पर खुदाई कर दी और जहां पत्थर डालकर मजबूत आधार तैयार किया जाना चाहिए था, वहां मिट्टी डालकर रोलर चला दिया गया। इससे सडक़ की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### स्थानीय लोगों ने किया विरोध

स्थानीय लोगों ने ठेकेदार के इस कथित घटिया काम का विरोध करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान विभाग के जेई मौके पर मौजूद नहीं रहते, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। उधर, लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी बलवीर सिंह ने बताया कि सडक़ चौड़ीकरण के दौरान किनारों में खुदाई कर पत्थर डालकर मजबूती दी जानी है। उन्होंने कहा कि रात के समय ठेकेदार के कारिंदों द्वारा पत्थरों में अधिक मिट्टी मिलाने की शिकायत मिली थी। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जहां भी मिट्टी डाली गई थी उसे निकलवाने और पर्याप्त मात्रा में पत्थर डालने के निर्देश दे दिए गए हैं। विभाग द्वारा कार्य की निगरानी भी की जा रही है ताकि सडक़ निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

### चोरों ने गहनों और नकदी पर फेरा हाथ

**रतिया।** शहर की सुनार बस्ती में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनार बस्ती निवासी गिरीश कुमार पुत्र विशंभर दयाल के घर में यह वारदात हुई। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 मार्च की रात को अज्ञात चोरों ने उनके घर में सेंध लगाई और कीमती सामान चोरी कर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित के मुताबिक चोर घर से 3 ग्राम के सोने के आभूषण करीब 200 ग्राम चांदी के जेवर 30 हजार रुपये नगद चुराकर ले गए है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आत्मविश्वास जरूरी: साईं




**सिरसा।** लिटिल फिंगर्स प्ले स्कूल का तृतीय वार्षिकोत्सव सीडीएलयू ऑडिटोरियम में बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं तथा प्रोटेक्शन ऑफिसर डॉ. अंजना डूडी गेस्ट ऑफ ऑनर थी। इस दौरान बच्चों ने नृत्य, गीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सुनीता साईं और गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. अंजना डूडी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कथा में सुनाया श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग


सिरसा। श्रीमद भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्म मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** श्री बजरंग दल सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत के पांचवे दिन कथावाचिका ब्रज किशोरी ने श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया। इस दौरान सभी भक्तजन हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की...भजन पर मस्ती में झूमे। सभी श्रद्धालुओं पर फूलों व इत्र की वर्षा की गई। बाजारों में भी भगवान श्रीकृष्ण को पालकी में बैठाकर बैंड बाजे के साथ गलियों का भ्रमण करवाया गया। उन्होंने कहा कि जब पृथ्वी पापियों का बोझ सहन नहीं कर पा रही थी, तब सभी देवता ब्रह्माजी व शिवजी के साथ क्षीर सागर में भगवान की स्तुति करने पहुंचे। भगवान विष्णु ने देवताओं से कहा कि वह वासुदेव और देवकी के घर कृष्ण के रूप में जन्म लेंगे। कंस के अत्याचारों से लोग परेशान हो उठे।

कंस ने बहन देवकी और बहनोई वासुदेव को भी कारागार में डाल दिया। तब भगवान कारागृह में प्रकट हुए। उस समय कारागृह के ताले टूट गए और दरवाजे खुल गए। बाद में वासुदेव ने श्रीकृष्ण को नंदबाबा के यहां पहुंचा दिया। इसके बाद भगवान कृष्ण ने राक्षसों का वध कर धरा का बोझ हर लिया। महाभारत के समय उन्होंने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। कथा के पश्चात सभी को माखन मिश्री का प्रसाद व खजाना भी वितरित किया गया।

### विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा पैदा करती है प्रतिस्पर्धा: मंजू कासनियां



**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोधपुरिया में वीरवार को स्टीम मेले का आयोजन किया गया। मेले में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, व अंग्रेजी विषय पर मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में प्रधानाचार्या मंजू कासनिया, विद्यालय स्टाफ, एबीआरसी, एसएमसी सदस्य व अभिभावकगण मौजूद थे। प्रधानाचार्या ने बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी विषय अध्यापकों की प्रशंसा की और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रदर्शित किए गए मॉडल को व्यवहार में अपनाएं और अन्य लोगों को भी लाभान्वित करें। सहपाठियों के प्रेरक बनें व नए शोध कार्य पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा पैदा करते हैं, बल्कि उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना भी पैदा करते हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया।

### 24 मार्च को दिल्ली में होने वाली आक्रोश रैली की तैयारी तेज

## दिल्ली रैली को लेकर माकपा ने तेज किया जनसम्पर्क अभियान, कई गांवों में जनसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते माकपा नेता।

माकपा द्वारा 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। पार्टी के राज्य सचिव प्रेमचंद के नेतृत्व में फतेहाबाद पहुंचे राज्य स्तरीय जत्थे ने आज गांव तलवाड़ा, रत्ता थेह, कुलां और जांडली खुर्द में जनसभाएं कीं और ग्रामीणों को दिल्ली कूच करने का आह्वान किया। सभाओं को राज्य सचिव प्रेम चंद के अलावा पूर्व केंद्रिय कमेटी सदस्य इंद्रजीत सिंह, सीटू की राष्ट्रीय नेत्री ऊषा रानी, राष्ट्रीय छात्र नेता सुभाष जाखड़ ने संबोधित किया। सभाओं का संचालन जिला सचिव जगतार सिंह, रामकुमार बहबलपुरिया व ओमप्रकाश अनेजा ने किया। ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए राज्य सचिव प्रेमचंद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मनरेगा और श्रम कानूनों को कमजोर कर मजदूर वर्ग के हितों पर चोट कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा पूरी तरह से कॉर्पोरेट परस्त है और अब मजदूर वर्ग झूठ के बहकावे में आने वाला नहीं है। पूर्व केंद्रीय कमेटी सदस्य इंद्रजीत सिंह ने 'डबल इंजन' सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार बुढ़ापा पेंशन और बीपीएल कार्ड काटने का काम कर रही है।

### व्यापार मंडल के प्रधान ने किया मंडी का दौरा

## बिना सुविधाओं के कैसी अतिरिक्त अनाज मंडी: कीर्ति

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग ने जिला प्रधान हीरालाल शर्मा के दिशा निर्देश पर फसली सीजन के लिए तैयार की गई अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कीर्ति गर्ग ने कहा कि कोरोना काल में सरकार ने इसी मंडी को सब्जी मंडी बनाकर अनाज की बेकद्री की थी। यह तैयार एरिया कपास मंडी से भी आधा तैयार है। यह एक खरीद केंद्र बन सकता है न कि अतिरिक्त अनाज मंडी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अनाज मंडी घोषित करने से पूर्व एक बार भी नहीं सोचा कि जब मंडी में कोई शैड ही नहीं है तो वहां अनाज की सुरक्षा किस प्रकार की जा सकती है। और तो और किसानों व आढ़तियों के लिए न तो पीने के पानी की उचित व्यवस्था है और न ही शौचालय की, जिससे समस्या और भी बढ़ जाती है। गर्ग ने कहा कि बारिश या आंधी के समय किसानों, मजदूरों व आढ़तियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। बरसात से फसल को बचाने के लिए पुख्ता व्यवस्था नहीं होने के कारण फसल खरीद में भी समस्या आती है। गीले माल की भराई नहीं होती और भरे हुए गीले माल को गोदामों में न उतारे जाने की दुहाई देते हुए अधिकारियों को आम देखा जा सकता है।

### उपायुक्त से मिला मंडी एसोसिएशन व आढ़तियों का प्रतिनिधिमंडल

## ट्रांसपोर्ट ठेकेदार को उठान का जिम्मा देने के लिए प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारी।

आढ़ती एसोसिएशन ने वीरवार को उपायुक्त से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान प्रेम बजाज ने आगामी गेहूं और सरसों के सीजन में फसल उठान के लिए किसी जिम्मेदार ट्रांसपोर्ट ठेकेदार को ठेका सौंपने के बारे में विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों से सिरसा मंडी में कोई अच्छा और जिम्मेवार ठेकेदार नहीं नियुक्त हुआ और काफी समय माल मंडी में पड़े रहने की वजह से शॉर्टेज की समस्या और प्राकृतिक आपदा के कारण फसल खराब होने के साथ साथ माल चोरी होने का डर बना रहता है। पिछले वर्ष भी ठेकेदार के पास पर्याप्त लोडिंग वाहन ना होने की वजह से आढ़तियों को पर्सनल खर्चा करके सरकारी माल गोदामों में भेजना पड़ा, जिसपर उपायुक्त ने यह आश्वासन दिया कि जो भी जिम्मेदार ट्रांसपोर्ट ठेकेदार होगा, उसी को इस वर्ष गेहूं और सरसों के सीजन में सिरसा मंडी में ट्रांसपोर्ट का ठेका दिया जाएगा। इस मौके पर महासचिव राजेंद्र नढा, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोयल, नरेंद्र सिंह धींगड़ा, खैरात लाल, कश्मीर, रमेश गोरा, रमन, जगदीश मेहता, अंकित फुटेला, अंकित कालड़ा, मनीष कालड़ा आदि मौजूद रहे।

### शिविर में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय में वीरवार को डीसी डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की। शिविर के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि बिजली, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का समाधान करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने एक-एक करके सभी परिवादियों की समस्याओं को विस्तार से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निवारण के आदेश दिए।

### भाजपा संगठन को मजबूत बनाने में कार्यकर्ता जुटें : फणिन्द्रनाथ

## फतेहाबाद में भाजपा की संगठनात्मक बैठकों का चला दौर, नेताओं ने दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। संगठनात्मक बैठक में मौजूद भाजपा नेता।

भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री फणिन्द्रनाथ शर्मा ने बीजेपी जिला कार्यालय में फतेहाबाद विधानसभा की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक में बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, पूर्व विधायक दुड़ाराम, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, चेयरमैन भारत भूषण मिडढा व वरिष्ठ नेता राजपाल बैनीवाल भी मौजूद रहे। इस बैठक में विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई। फणिन्द्रनाथ शर्मा ने नेताओं व कार्यकर्ताओं को संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान संगठन मंत्री ने विधान सभा फतेहाबाद के शक्ति केन्द्र बूथ नंबर 11 की बैठक भी ली, जिसकी अध्यक्षता बूथ प्रमुख गौरव रत्ती ने की। इसके अलावा फणिन्द्रनाथ शर्मा ने रतिया व टोहाना विधानसभा की भी बैठकें ली। संगठन मंत्री फणिन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है और इसकी ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। इस अवसर पर अशोक जाखड़, मनदीप योगी, जसवंत माचरा, टोहाना नगर परिषद के चेयरमैन नरेश बंसल, बलदेव सैनी, चेयरमैन जंगजीत हुड्डा, रामराज मैहता, इन्द्र बतरा, राधाकृष्ण नारंग मौजूद रहे।

## लोक अदालत के नाम पर खाली हो सकता है आपका बैंक खाता


एसपी सिद्धांत जैन।

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने नागरिकों को सावधान करते हुए कहा कि 14 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत की आड़ में साइबर अपराधी सक्रिय हो गए हैं। ठग अब आम जनता को उनके लंबित कोर्ट केस या ट्रैफिक चालानों के निपटारे का झांसा देकर निशाना बना रहे हैं। ति होकर उनके जाल में फंस जाएं।

एसपी ने बताया कि साइबर ठग व्हाट्सएप और एसएमएस के जरिए लोगों को एक लिंक भेजते हैं, जिसमें दावा किया जाता है कि लोक अदालत में उनके चालान पर भारी छूट दी जा रही है। इस संदेश में अक्सर अरेस्ट वारंट या कोर्ट में पेशी जैसी धमकियां दी जाती हैं ताकि व्यक्ति घबराकर तुरंत भुगतान करने के लिए तैयार हो जाए। जैसे ही यूजर उस लिंक पर क्लिक करता है, वह एक फर्जी वेबसाइट पर पहुंच जाता है जहाँ उसकी बैंकिंग आईडी, पासवर्ड या यूपीआई पिन चोरी कर लिया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है और न्यायालय कभी भी किसी व्यक्ति को व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से पैसे जमा करने के लिए नहीं कहता। किसी भी चालान का भुगतान केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल या संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर ही किया जाना चाहिए।

**आयोजन** साइंस क्विज प्रतियोगिता में डबवाली की टीम रही प्रथम

## विज्ञान में महिलाओं की सहभागिता समाज के समग्र विकास का आधार : प्रो. रंजना

कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. विजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करती मुख्य वक्ता प्रो. रंजना अग्रवाल।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के भौतिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर वूमेन इन साइंसः कैटालाइजिंग विकसित भारत विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के एमपी हॉल स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नई दिल्ली से सीएसआईआर की निदेशक प्रोफेसर रंजना अग्रवाल ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साइंस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डॉ भीम राव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, डबवाली की टीम रही, दूसरे स्थान पर गवर्नमेंट नेशनल कॉलेज, सिरसा की टीम रही। तीसरे स्थान पर एमएम कॉलेज, फतेहाबाद की टीम रही।

मुख्य वक्ता प्रो. रंजना अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में कहा कि विज्ञान में महिलाओं की सहभागिता केवल समानता का प्रश्न नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को विज्ञान और शोध के क्षेत्र में समान अवसर मिलते हैं तो नई खोजों, नवाचार और तकनीकी

### छात्राओं को किया प्रेरित

प्रो. अग्रवाल ने विशेष रूप से छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़कर नई उपलब्धियां हासिल करें और समाज के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा कि देश की अनेक महिला वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है। प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान के प्रति प्रेरित करने की आवश्यकता है ताकि भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों को ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए जहां छात्र-छात्राएं खुलकर शोध और प्रयोग कर सकें तथा अपनी रचनात्मकता को नई दिशा दे सकें। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विज्ञान को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें बल्कि इसे समाज की समस्याओं के समाधान का माध्यम बनाएं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ सुनील कुमार ने आयोजकों को बधाई दी।